# बिहार विधान परिषद

**205वांं शीतकालीन सत्र**

## 7 नवंबर 2023

----

: **[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 22**

----

### जांच मशीनों की मरम्मती

*1 **श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सदर अस्पताल, मोतिहारी की रक्त जांच मशीन सहित कई मशीनें महीनों से खराब हैं, जिससे अस्पताल में होने वाली मुफ्त जांच बंद है;

(ख) क्या यह सही है कि आउट डोर में अपने वाले मरीजों की कई तरह की जांच डॉक्टर के द्वारा लिखी जाती है, जो बाहर करानी पड़ रही है, जिससे गरीब और असहाय मरीजों को बहुत परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सदर अस्पताल में खराब पड़ी जांच मशीनों की अतिशीघ्र मरम्मती कराने या नयी मशीन लगाने का विचार रखती है ताकि मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़े?

----

### आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति एवं पदस्थापन

*2 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2020 में ही आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, लेकिन आज तक ऐसे लगभग तीन हजार (3000) आयुष चिकित्सकों के चयन के उपरान्त भी राज्य सरकार को आयोग द्वारा अनुशंसा नियुक्ति/पदस्थापन हेतु नहीं की गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति/पदस्थापन की प्रक्रिया पूर्ण करना चाहती है, नहीं तो कयों?

----

## बुनकर समाज को लाभान्वित

*3 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना के वीरचन्द पटेल पथ पर विधायक फ्लैट के समीप एक सौ से अधिक बुनकर और दर्जी समाज के लोग खादी वस्त्र की बिक्री और सिलाई का कार्य काफी पुराने समय से करते चले आ रहे हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कुर्ता-पैजामा कलस्टर बनाकर उन लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए प्रभावकारी योजना बनाने तथा उन सबों का सर्वे कराकर उन्हें मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक ऋण योजना से लाभान्वित कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुशासनिक कार्रवाई

*4 **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ही पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी घोषित किया जाना है, इस संबंध में विभागीय आदेश ज्ञापांकः- 507 (3), दिनांक - 26.07.2023 भी निर्गत किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि स्थापित नियम एवं परम्परा के विरीत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितहां (बेतिया) के प्रभारी डॉ. मनोरंजन के ऊपर वित्तीय अनियमितता साबित होने के बावजूद सिविल सर्जन, बेतिया ने ज्ञापांक – 2029 एवं 2030, दिनांक - 18.08.2023 द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्ति दी गई है एवं आरोपी पदाधिकारी डॉ. मनोरंजन को अपने कार्यों के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भितहां का प्रशासनिक पदाधिकारी भी नामित किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय आदेश के अवहेलना के आरोप में सिविल सर्जन, बेतिया के खिलाफ शीघ्र अनुशासनिक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## छत के ऊपर बिजली का तार

*5 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला- जहानाबाद, प्रखण्ड- मखदुमपुर, पंचायत- मकरपुर, ग्राम- अकौना में अवस्थित बस्ती है;

(ख) क्या यह सही है कि बस्ती में जवाहर चौधरी के घर की छत के ऊपर से 11,000 वॉल्ट का बिजली का तार गया हुआ है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक है;

(ग) क्या यह सही है कि छत के ऊपर से 11,000 वॉल्ट बिजली का तार जाने से घर के लोग काफी डरे-सहमे रहते हैं एवं उन्हें जान का खतरा बना रहता है, जिस कारण परिवार के लोगों ने अपने घर की छत का उपयोग बंद कर दिया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला- जहानाबाद, प्रखण्ड- मखदुमपुर, पंचायत- मकरपुर, ग्राम- अकौना में जवाहर चौधरी के घर के ऊपर से 11,000 वॉल्ट बिजली का तार हटाकर उसका कोई वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कौआकोल प्रखण्ड में बिजली की समस्या

*6 **श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के कौआकोल प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम- पंचायत महुडर एवं रजौली प्रखंड अंतर्गत ऐसे तीन ग्राम पंचायत है (सवैयाटांड, चितरकोली, हरदिया) जिसकी बिजली झारखण्ड राज्य से चलायी जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि झारखण्ड में बिजली बिल जमा करने के बावजूद भी एक-एक महीना बिजली का कनेक्शन काट दिया जाता है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत महुडर, सवेयाटांड, चितरकोली एवं हरदिया में बिजली कनेक्शन झारखण्ड राज्य से हटा कर बिहार राज्य से कर दिया जाए तो ग्रामीणों की समस्या का समाधन हो जाएगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिजली कनेक्शन झारखण्ड राज्य से हटा कर बिहार राज्य से करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## हर घर नल - जल योजना

*7 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि हर घर नल - जल योजना का क्रियान्वयन एवं अनुरक्षण शतप्रतिशत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत धनरुआ प्रखण्ड की गोविन्दपुर-बौरही पंचायत के वार्ड नं.- 14 के मांझी टोला, रोहिलाचक, वार्ड नं.- 09 के गोसाई मठ एवं वार्ड नं.- 03 के गोरैयाखाड़ी ग्राम अभी तक नल-जल योजना से अच्छादित नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीनों टोलों में नल जल योजना से नल लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## औद्योगिक विकास के संबंध में

*8 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के जीडीपी में, सकल घरेलू उत्पाद में, औद्योगिक उत्पाद की हिस्सेदारी बहुत कम है, तो औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिए और इसे देश के औसत औद्योगिक उत्पादन के समकक्ष लाने के लिए सकरार ने विगत वर्षों में क्या प्रयास किए हैं;

(ख) क्या यह सही है कि औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयासों की उपलब्धि कम रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार औद्योगिक उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई समयबद्ध कार्यक्रम बनाने का विचार रखती है?

----

## विद्युत प्रमण्डलों में आउटसोर्स

*9 **श्री मंगल पांडेय (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न विद्युत प्रमंडलों में सैकड़ों की संख्या में विद्युत कर्मी (मानव बल) आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से कार्यरत हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन कर्मियों को मानदेय के रूप में काफी कम राशि का भुगतान होता है, जिससे वह अपना भरण-पोषण सही तरीके से नहीं कर पाते हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन कर्मियों को स्थाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

*10 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि छपरा-सिवान मुख्य पथ पर मांझी प्रखण्ड अंतर्गत दाउदपुर में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र है, जिसमें न तो डॉक्टर हैं और न ही कोई एंबुलेंस की व्यवस्था है;

(ख) क्या यह सही है कि इस उप-केन्द्र के न चलने से प्राथमिक उपचार के लिए भी लोगों को कई कि.मी. दूर छपरा सदर अस्पताल में जाना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में डॉक्टरों तथा एम्बुलेंस की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सदीपुर पंचायत में स्वास्थ्य भवन

*11 **श्री बिनोद कुमार जयसवाल (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सीवान जिला अन्तर्गत गोरियां कोठी प्रखण्ड अन्तर्गत सदीपुर पंचायत में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य उपकेन्द्र होने के बावजूद आजतक वहां कोई भी स्वास्थ्यकर्मी जिला द्वारा पदस्थापित नहीं किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उपस्वास्थ्य केन्द्र सिर्फ पेपर वर्क में ही कार्यरत है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपस्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## महिला ग्यानी चिकित्सक का अभाव

***12 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला अन्तर्गत चनपटिया प्रखंड में सामुदायिक अस्पताल है जिसमें महिला ग्यानी चिकित्सक का अभाव है, जिससे कि प्रसुती महिलाओं के इलाज में काफी कठिनाई होती है और प्रसव के क्रम में कई गरीब महिलाओं की मौत भी हो जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त प्रखंड इंडो-नेपाल सीमा से सटे रहने के कारण सीमावर्ती क्षेत्र से आईं गरीब महिलाओं का इलाज संभव नहीं हो पाता है और अपना इलाज शहरी क्षेत्र में कराने के लिए मजबूर हो रही हैं;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में कुल 06 चिकित्सक का पदसृजित है लेकिन वर्तमान में मात्र 03 चिकित्सक की कार्यरत हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड स्थित सामुदायिक अस्पताल में ग्यानी महिला चिकित्सक के पदस्थापन के साथ सृजित पद के अनुरूप चिकित्सकों का पदस्थापन कबतक करना चाहती है?

----

## बिजली पहुंचाने पर विचार

***13 श्रीमती अम्बिका गुलाब यादव (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखंड अंतर्गत गढ़गांव, बसीपट्टी पंचायत के लुचबोनी, मेनाही, परियाही, गढ़गांव, बगेबा, भवानीपुर इत्यादि गांव में आजादी से लेकर अभी तक बिजली नहीं पहुंच पायी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्रामों में बिजली नहीं रहने के कारण अभी भी स्वच्छ पानी से लेकर बच्चों की पढ़ाई तक बाधित होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में जनहित को देखते हुए बिजली पहुंचाने का विचार रखती है?

----

## एक नया ट्रान्सफार्मर एवं कवर तार लगाने पर विचार

***14 श्री संजय कुमार सिंह (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत वार्ड नं.- 17 में भगवान चौक सीता नगर में बिजली के पोल पर कवर तार नहीं रहने के कारण अप्रिय घटना घट सकती है;

(ख) क्या यह सही है कि भगवान चौक पर जो पोल खड़ा हुआ है, वह सभी टेढ़ी-मेढ़ी अवस्था में है, जिससे घरों की छत में तार सट जाता है एवं घनी आबादी रहने के कारण विद्युत भार अधिक हो जाने कारण ट्रान्सफार्मर से फेज बार-बार उड़ जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त वार्ड नं.- 17 में एक ट्रान्समार्फर एवं कवर तार लगाने से वहां के लोकल लोगों को काफी सहुलियत होगी और किसी भी प्रकार की घटना से निजात मिलेगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकार वार्ड नं.- 17 में भगवान चौक सीता नगर में एक नया ट्रान्सफार्मर एवं कवर तार लगाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पेयजल चालू करने हेतु

*15 **श्रीमती रीना देवी (स्थानीय प्राधिकार, नालन्दा):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड की पंचायत-धुरगांव के ग्राम- इजारापुर, चक- मुसहरी एवं करानगंज में नल-जल योजना के तहत बोरिंग कराया गया है, परंतु उसमें अभी तक मोटर नहीं लगने के कारण पेयजल चालू नहीं हो पाया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में पेयजल चालू करने हेतु मोटर लगाना चाहती है?

----

## नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराने पर विचार

*16 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं.- 06/2022, दिनांक- 02.08.2022 से 01.09.2022 तक आमंत्रित आवेदनों की स्क्रूटनी के क्रम में कई संस्थानों से प्राप्त प्रमाण-पत्र तथा डिग्री/डिप्लोमा कोर्स के नामांकन की सूची स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोग के पत्रांक- 723, दिनांक- 16.03.2023 द्वारा उपलब्ध कराते हुए अंकित संस्थान एवं कोर्स की मान्यता के संबंध में परामर्श की मांग की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त मांगी गई परामर्श विभाग द्वारा आयोग को अभी तक

उपलब्ध नहीं कराई है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त मांगी गई परामर्श स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को उपलब्ध कराना आवश्यक समझती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के मरीजों के इलाज के लिए सहयोगार्थ शल्य कक्ष सहायक (ओटी असिस्टेंट) के कुल 1096 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति प्रक्रिया हेतु आयोग द्वारा मांगी गई परामर्श उपलब्ध कराते हुए नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*17 **श्री राजीव कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि खगडि़या जिलान्तर्गत चौथम प्रखंड की पंचायत नीरपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन पूर्णरूपेण जीर्णशीर्ण अवस्था में है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्णशीर्ण होने के कारण उप स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज नहीं होता है;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र कभी भी जमींदोज हो सकता है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप स्वास्थ्य केन्द्र के पुनर्निर्माण का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई

*18 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में निदेशालय द्वारा पूरे बिहार के लिपिक संवर्ग का स्थानांतरण रद्द है;

(ख) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन बांका द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन कर 27 वरीय एवं कनीय लिपिक का स्थानांतरण कर दिया है, जबकि बहुत-से कर्मचारी जनवरी, 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर उक्त आदेश को अविलंब स्थगित करने और दोषी पदाधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र (C.S.C.) भवन का निर्माण

*19 **डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार के द्वारा लगभग प्रत्येक प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (C.S.C.) भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना था, जिससे सरकार के द्वारा लगभग अधिकतर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मनीगाछी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (C.S.C.) भवन निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मनीगाछी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (C.S.C.) भवन का निर्माण करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बिजली की आपूर्ति

*20 **श्री आफाक अहमद (सारण शिक्षक ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटियागंज अनुमंडल के प्रखंड सिकटा में मंगलपुर फीडर विगत 07 वर्षों से बंद पड़ा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त फीडर बंद होने से आसपास की पंचायत में सरकार के अनुमानित समय से भी कम बिजली आपूर्ति हो पा रही है, जिससे ग्रामीण एवं किसान काफी परेशान हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद पड़े फीडर को चालू कराकर बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत वितरण की व्यवस्था

*21 **श्री राजीव कुमार उर्फ गप्पू बाबू (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार बिजली की चोरी रोकने तथा जान-माल की सुरक्षा की दृष्टि से गांव-गांव में विद्युत केबल के माध्यम से बिजली पहुंचाने की व्यवस्था कर रही है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अनेक शहरों में अभी भी बिजली खुले तार के माध्यम से वितरण की जा रही है, जिसके चलते अनेक स्थानों पर विद्युत आघात से जान-माल के नुकसान की खबरें आती रहती हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के शेष बचे स्थानों पर केबल के माध्यम से विद्युत वितरण की व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति पर विचार

*22 **प्रो. (डा.) वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जिला में जिला संवर्ग के लिपिक का पदस्थापन/ प्रतिनियुक्ति का अधिकार जिला के सिविल सर्जन को है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक, पटना के कार्यालय में लिपिक का पद सृजित करते हुए लिपिक की नियुक्ति किया जाना आवश्यक है;

(ग) क्या यह सही है कि सहायक औषधि नियंत्रक, पटना के कार्यालय में श्री अभय कुमार सिंह, लिपिक, महिला स्कूल चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय को अपने कार्य के अतिरिक्त सहायक औषधि नियंत्रण, पटना के कार्यालय के कार्य हेतु क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं पटना प्रमंडल, पटना ने गलत ढंग से प्रतिनियुक्त किया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' पर अंकित सहायक औषधि नियंत्रक, पटना के कार्यालय के लिए लिपिक की शीघ्र नियुक्ति करते हुए श्री अभय कुमार सिंह, लिपिक को मात्र महिला स्कूल चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय के ही कार्यों का कार्यान्वयन हेतु पदस्थापित रखना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----